# विंध्य कराते महोत्सव में पन्ना की टीम ने जीते मेडल



**नवभारत न्यूज**

**देवेंद्रनगर/पन्ना, 8 जनवरी, सतना जिला कराते कॉरपोरेशन एवं की ऑफ लाइफ अकैडमी ऑर्गनाइजर सिहान भरत गुप्ता के संयुक्त तत्वावधान में 3 एवं 4 जनवरी को वर्ल्ड कराते फेडरेशन के नये नियमानुसार वेंकटेश लोक स्थान, सतना में आयोजित विंध्य कराते महोत्सव सफल रहा।**

इस दो दिवसीय कराते प्रतियोगिता में जिले-संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं तकनीकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पहले दिन काता एवं दूसरे दिन कुमिते मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस महोत्सव में सतना से की ऑफ लाइफ अकैडमी की पाँच टीमें, रीवा से सेंसाई राघवेंद्र पांडे की टीम, पन्ना से कमल लखेरा की टीम, दमोह से प्रकाश वाथरे की टीम, अमरपाटन से प्राची सिंह की टीम तथा सीएसएफ अकैडमी से राजकुमार सिंह की टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभी विगत माह सतना मे आयोजित अस्मिता वोमेन किकबॉक्सिंग लीग 2025-2026 मे एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा 6 गोल्ड 5 सिल्वर सहित 11 मेडल अर्जित कर जिला का नाम रोशन किया । स्पोर्ट्स कराते एसोशिएशन ऑफ पन्ना के अध्यक्ष कमलेश जैन, उपाध्यक्ष बबलू नायक, सहसचिव प्रमित अग्रवाल, व्यवस्थापक अंकुर त्रिवेदी पन्ना, कोषाध्यक्ष शंभु सोनी, संरक्षक पिंकी राजा, एवम् समस्त मीडिया/ पत्रकार बँधुओं ने आयोजन से जुड़े सभी अतिथियों, रेफरी, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# अर्जित भूमि की राशि न मिलने पर किसानों ने की सड़क निर्माण न करने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सलेहा/पन्ना 8 जनवरी, सलेहा समीपस्थ ग्राम पंचायत नयागांव अंतर्गत ग्राम कटरा से राष्ट्रीय सड़क मार्ग 943 बाईपास सड़क मार्ग का निर्माण कार्य विगत 2 वर्ष से किया जा रहा है.**

सड़क मार्ग के निर्माण में अधिग्रहित भूमि के आधा दर्जन से अधिक भू स्वामियों की अर्जित भूमि का मुआवजा नही दिया गया है, जिसके आरोप प्रशासन पर भू स्वामियों द्वारा लगाया गया।साथ ही सड़क निर्माण कार्य न कराया जायें इस तरह की मांग भू स्वामियों द्वारा प्रशासन से की है।

8 जनवरी को सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था इस दौरान भू स्वामियों द्वारा ठेकेदार से कहा गया कि जब तक हमारी जमीन का निराकरण शासन द्वारा नहीं किया जाता तब तक हमारी भूमि पर निर्माण कार्य न कराया जाये।

जिस पर ठेकेदार द्वारा इसकी जानकारी राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश मेहरा एवं आर आई, पटवारी एवं पुलिस बल मौके में पहुंचा।,जिस पर भू स्वामी बाबू लाल कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा निवासी कटरा द्वारा बताया गया की मेरे द्वारा 5 जुलाई को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गुन्नौर को आवेदन दिया गया था की आराजी खसरा क्रमांक 648,948 रकवा क्रमांक 0.013, 0.0116 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हैं, जिसमें 6 खाते दार का हिस्सा है।

### इनका कहना है:-

हमारे द्वारा भूमि के मुआवजा को लेकर एसडीएम एवं कलेक्टर से मांग की गई लेकिन निराकरण नहीं किया गया।

**बाबूलाल कुशवाहा भू-स्वामी कटरा।**

हितग्राहियों से बात की गई है, सभी को मूल दस्तावेज लेकर गुन्नौर बुलाया गया है।

**राजेश मेहरा नायब तहसीलदार गुन्नौर।**



# शीघ्र बनेगी अजय पाल किले की सड़क

## टाइगर रिजर्व एवं नगर परिषद टीम ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अजयगढ़/पन्ना 8 जनवरी, अजय पाल किले में पूर्व में नगर परिषद द्वारा खोह तालाब से सीसी सड़क निर्माण किया था परंतु सड़क काफी सकरी और खड़ी चढ़ाई दार बनी हुई है जिसमें आने जाने में काफी दिक्कत होती है।**

नगर परिषद द्वारा पुन: सड़क का निर्माण को खोह तालाब से सीसी सड़क बनाने का निर्णय लिया गया और नया डीपीआर तैयार किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा शासन के डी एम एफ मंद से 6 करोड रुपए नगर परिषद अजयगढ़ को प्राप्त हो चुके हैं टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है परंतु पन्ना टाइगर रिजर्व की भूमि से होकर रास्ता गुजरता है जिसकी मंजूरी वन विभाग द्वारा ना होने के कारण नगर परिषद के सड़क निर्माण में रुकावट बनी हुई थी। आज वर्ल्ड वाइफ पन्ना टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर नरेश यादव बन अमले के साथ नगर परिषद के सीएमओ शशिकपूर गडपाले एवं नगर परिषद का अमला कुछ स्थानीय निवासियों के साथ दौरा किया और अजय पाल किले में वन भूमि की आ रही दिक्कत शीघ्र खत्म होकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की लोगों में उम्मीद जागी है आज के इस संयुक्त भ्रमण से सड़क निर्माण में आ रही बाधा शीघ्र खत्म होगी। अजय पाल किले तक की सीसी सड़क बनने में खोह तालाब से किले तक 2100 मी की लंबी सड़क बनना है निरीक्षण के दौरान नरेश यादव फील्ड डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर मोहित सूद, सीएमओ शशि कपूर गडपाले, पूर्व सी एम ओ राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वन परिक्षेत्र रैपुरा में हुआ अनुभूति नेचर कैंप्स का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 8 जनवरी, मध्य प्रदेश वन विभाग एवं मध्य प्रदेश ईको-पर्यटन विकास बोर्ड के सौजन्य से आज दिनांक 08 जनवरी को वन परिक्षेत्र रैपुरा अंतर्गत चमरैया के जंगल में अनुभूति नेचर कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा द्वारा की गई।**

इस अवसर पर उप वन संरक्षक अंकुर गुप्ता एवं रैपुरा रेंज अधिकारी विवेक कुमार जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक परिवेश में सीखने, समझने तथा प्रकृति से आत्मीय जुड़ाव का अवसर प्रदान करना रहा। इस अनुभूति नेचर कैंप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रैपुरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय रैपुरा एवं शासकीय उच्च माध्यमिक शाला अधराढ़ के कुल 120 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाने हेतु विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नेचर ट्रेल (जंगल भ्रमण) के माध्यम से बच्चों को वन पारिस्थितिकी, जैव विविधता तथा वन्यजीवों के महत्व से संबंधित रोचक जानकारियाँ दी गईं। वनमण्डल अधिकारी द्वारा बच्चों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने और प्रो-प्लेनेट पीपल बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा का कराया जाएगा सेवन



**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 8 जनवरी, जिले में 10 से 25 फरवरी तक फायलेरिया उन्मूलन हेतु 02 वर्ष से अधिक समस्त जनसंख्या को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाया जाना है।**

इस हेतु दिनांक 08 जनवरी को आई.पी.डी. पी. हॉल में पन्ना जिले में सामूहिक दवा सेवन ( एम. डी. ए.) के आयोजन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एम. के. गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यक्रम में डब्ल्यू.एच.ओ. स्टेट कोआर्डिनेटर (एन.टी.डी.) डॉ. देवेन्द्र तोमर, के द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एम.डी.ए. गतिविधियों के संचालन के संबंध में पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि एम. डी. ए. अभियान अंतर्गत दो वर्ष से ऊपर की समस्त जनसंख्या को डी. ई. सी., एल्वेन्डाजोल एवं आइबरमेक्टिन की गोलियों का सेवन करवाया जायेगा। बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना के अनुसार कार्य करें। स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र में एम.डी.ए का प्रचार-प्रसार करें एवं अभियान के दौरान समस्त लक्षित जन समुदाय को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाया जाना सुनिश्चित करें। किसी कर्मचारी की लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# शासकीय कार्यालयों में बगैर वैध दस्तावेज के वाहन नहीं चल सकेंगे

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 8 जनवरी, परिवहन विभाग ने शासकीय विभागी निगमों एवं निकायों द्वारा विभिन्न प्रयोजनों के लिए अनुबंधित किए जाने वाले वाहर्नां के संबंध में नवीन निर्देश जारी किए हैं।**

जारी आदेशानुसार अब बगैर वैध दस्तावेर्जां के किसी भी वाहन कर्ाे शासकीय कार्यालर्यां में उपयगिं में नहीं लिया जाएगा। शासकीय विभार्गां द्वारा सीधे अथवा निजी एजेंसिर्यां के माध्यम से उपयगिं में लाए जाने वाले मालवाहक एवं यात्री वाहर्नां के सभी वैधानिक दस्तावेज अनुबंध से पूर्व अउर वाहन उपयगिं की संपूर्ण अवधि के दउरान वैध हनिं अनिवार्य हगिं। साथ ही विभार्गां कर्ाे भुगतान से पहले भी इन दस्तावेर्जां की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि खनिज अथवा अन्य सामग्री के परिवहन के लिए जारी की जाने वाली अनुमति संबंधित वाहन की निर्धारित क्षमता से अधिक नहीं हनिी चाहिए। अनुबंधित वाहर्नां द्वारा नियमानुसार मटिंरयान कर का भुगतान किया गया हनिं चाहिए। सभी विभार्गां, निगमर्ां एवं निकार्यां कर्ाे यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे अपने यहां अनुबंधित अथवा एजेंसिर्यां द्वारा उपयगिं में लाए जा रहे वाहर्नां के संबंध में परिवहन आयुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए ई-मेल आईडी पर पत्र भी प्रेषित किया जा सकता है।

### मड़ला में मिलेट फेस्टिवल का आयोजन 9 से 15 तक

कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देशन में मड़ला स्थित पन्ना टाईगर रिजर्व के गेट स्थल पर आगामी 9 से 15 जनवरी तक मिलेट फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। आमजनों को श्री अन्न मोटे अनाज के उपयोग एवं देशी व्यंजनों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बताया कि मिलेट फेस्टिवल में महिला स्वसहायता समूहों के सदस्यों द्वारा देशी व्यंजन, जैविक दालें, जैविक गुड़, रसोई सामग्री एवं आंवला उत्पाद आदि के स्टॉल प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए लगाए जाएंगे। इसका समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित है।

# वॉश ऑन व्हील्स सेवा का शुभारंभ

▸ स्वच्छता साथियों को वितरित किये गये किट



**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 8 जनवरी, पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरूवार को जनपद पंचायत पन्ना कार्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत वॉश ऑन व्हील्स सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। प्रत्येक स्वच्छता साथियों को 15-15 हजार रूपए राशि की किट का वितरण भी किया गया।**

इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का आग्रह करते हुए किट वितरण समारोह में स्वच्छता साथियों से बेहतर सेवा देने की अपेक्षा की, जिससे ग्रामीणजनों का विश्वास बढ़ सके। साथ ही अच्छी सेवा से भविष्य में ज्यादा काम मिलने के अतिरिक्त नई पीढ़ी को भी स्वच्छता की सीख मिलेगी। पन्ना विधायक ने कहा कि इस कार्य में सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक भी आगे आएं।

घर का हर सदस्य स्वच्छता साथी बने। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों एवं ग्राम पंचायत को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित करने की कार्यवाही के संबंध में भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजनों में स्वच्छता की आदत विकसित करने और इसे जीवनशैली में अपनाने के लिए ग्राम पंचायत का महत्वपूर्ण योगदान है।

विधायक ने कहा कि शहर की भांति अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता की यह पहल सराहनीय है।

उन्होंने स्वच्छता साथियों को शॉल श्रीफल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत भी किया तथा सफाईकर्मियों की भूमिका के बारे में भी अवगत कराया। पन्ना विधायक ने कार्यक्रम स्थल में 16 दिव्यांगजनों को मोटर ट्राईसिकल का वितरण भी किया।

# 15 कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं के प्रमाण पत्र निरस्त

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 8 जनवरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 15 कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं ( मैत्री ) के प्रमाण पत्र निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। इन मैत्रीयों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान न करने एवं स्वयं का व्यवसाय करने तथा अन्य स्थान पर नौकरी करने के कारण प्रमाण पत्र निरस्त किए गए हैं।**

इनमें भटहरमेघा के बाबूलाल साहू, बराछ के रामहेत पटेल, करहिया के ब्रजभूषण वर्मा, अजयगढ़ के आनंद कुमार प्रजापति, बड़ौर के रविन्द्र सिंह यादव, शाहनगर के रविन्द्र सोनी, मानिकपुर के सुरेन्द्र कुमार वर्मा, भिलसाय के कौशल प्रसाद कुशवाहा, जसवंतपुरा के राकेश कुमार अहिरवार, देवरी सरकार के अंशुल राजा, तिदुनहाई के राजकुमार चैधरी, भुण्डा सिंहपुर के संतराम अहिरवार, जिजगाय के रोहित पाठक, करहिया गुनौर के बीपेन्द्र कुमार पटेल, कटकहा के रामभगत प्रजापति तथा चिखला के इंद्रपाल पटेल शामिल हैं। उप संचालक डॉ. एन.के. गुप्ता ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रशिक्षित मैत्री को कृत्रिम गर्भाधान कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। मैत्री गाय एवं भैंसों में नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान व गर्भ परीक्षण तथा अन्य विभागीय गतिविधियों का कार्य करते हैं।

पन्ना जिले में 260 से अधिक मैत्रीयों को प्रशिक्षित कर प्रमाण पत्र के साथ एआई किट एवं अन्य सामग्री नि:शुल्क प्रदाय की गई है। मैत्रीयों को कृत्रिम गर्भाधान हेतु उन्नत नस्ल के सांड का सीमन तथा तरल नत्रजन भी नि:शुल्क प्रदाय किया जाता है। अन्य विभागीय गतिविधियों जैसे टीकाकरण, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान व कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान भी मैत्रीयों को किया जाता है। प्रमाण पत्र निरस्त होने पर संबंधित मैत्री कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण और प्रारंभिक उपचार नहीं कर सकेंगे। विभागीय कार्यों में संलिप्त पाए जाने पर इनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

### स्वामी विवेकानंद जयंती 12 को

12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी विद्यालर्यां, महाविद्यालर्यां एवं अन्य शिक्षण संस्थाआें में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयजिंन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचार्रां पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयर्जिंत किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियर्ां कर्ाे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रर्मां में स्वयंसेवी संगठर्नां एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आंगनबाड़ी सहायिका पद की अंतिम चयन सूची जारी

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 8 जनवरी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अजयगढ़ एवं गुनौर परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के 6 पद पर भर्ती के लिए अंतिम चयन सूची जारी की गई है।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि नियुक्ति के संबंध में खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा तैयार अनंतिम चयन सूची के विरूद्ध प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठकें गत दिवस आयोजित की गई थीं। समिति की बैठक में लिए गए अंतिम निर्णय अनुसार सहायिकाओं के नवीन रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अंतिम सूची जारी की गई है। अजयगढ़ परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मेंहदी का पुरवा में कविता यादव, मझगवां मिनी में भानु कोंदर, सब्दुआ मिनी में अंजना प्रजापति एवं नरदहा मिनी में नीमा सिंह का चयन हुआ है।

इसी तरह गुनौर परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र पगरा 3 में ज्योति प्रजापति एवं गंज 3 में प्रियंका वर्मा का आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए अंतिम रूप से चयन किया गया है। नियुक्ति प्रक्रिया से असंतुष्ट होने पर अचयनित आवेदिकाएं 10 दिवस के भीतर कलेक्टर न्यायलय में प्रथम अपील कर सकती हैं। असंतुष्ट होने पर प्रथम अपील के निराकरण के बाद 10 दिवस के अंदर संभागायुक्त न्यायालय में द्वितीय अपील की जा सकेगी। इसके बावजूद भी संतुष्ट न होने की दशा में निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

# कोर्ट के निर्देश के बाद हो रही तालाबों के सीमांकन में खानापूर्ति

## भू-माफियाओं को बचाने की चल रही साजिश, सर्वाधिक अतिक्रमण बेनीसागर, लोकपाल सागर एवं नृपत सागर में

▸ 1955-56 के रिकॉर्ड के अनुसार न्यायालय ने दिया था सीमांकन का आदेश।

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 जनवरी, लगभग तीन साल के कड़े संघर्ष के बाद समाज सेवी अधिवक्ता राजेश दीक्षित के न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण में न्यायालय द्वारा जिला प्रशासन को जिला मुख्यालय को तालाबों का 1955-56 के रिकार्ड के अनुसार सीमांकन करने एवं अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया था। लेकिन स्वयं की नौकरी बचाने एवं भू माफियाओं को बचाने के लिए उसमें भी खानापूर्ति कर मामले को ठण्डे बस्ते मे डाल दिया है।**

नगर के भू माफियाओं ने किस तरह से राजाओं द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक तालाबों को भी नहीं बक्शा है और अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने भवन एवं खेती करना शुरू कर दिया था और कुछ लोगों ने प्लाटिंग कर बेंच दिया था। जिसका भांडाफोड जिला प्रशासन को इसलिए नहीं कर सका वह स्वयं रिश्वत खोरी के कारण लिप्त रहा लेकिन न्यायालय के आदेश पर आशा बंधी थी कि अब भू माफिया वेनकाब होंगे जिस तरह खानापूर्ति की गई। गौरतलब है कि पन्ना को हीरों और झीलों की नगरी कहा जाता है। यहां एक दर्जन से भी अधिक तालाब, तलैया हैं। इनमें बेजा अतिक्रमण है।

अतिक्रमण के कारण कई तालतलैया तो अपने अस्तित्व के संकट से ही जूझ रहे हैं। तालाबों का सीमांकन कराकर इन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर वकील राजेश दीक्षित बीते तीन साल से भी अधिक समय से कोर्ट में संघर्ष कर रहे थे, इसके बाद कोर्ट की फटकार पर अब प्रशासन तालाबों के सीमांकन के लिए राजी हुआ।

### नगरवासियों की उपस्थिति में हो सीमांकन

वकील राजेश दीक्षित ने बताया, तालाब शहर के लोगों के हैं। इससे बिना जनता को पूर्व से जानकारी दिए सीमांकन का औचित्य नहीं है। नगर की जनता को भी पता होना चाहिए कि तालाबों में कितना अतिक्रमण है और किनकिन रसूखदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसके साथ ही वर्ष 1955-56 के नक्शे से आधुनिक मशीन से सीमांकन किया जाना चाहिए, जिससे लोगों को तालाब के सीमाओं अक्षांश और देशांतर के बारे में भी जानकारी मिल सके। वकील दीक्षित ने बताया, सीमांकन कराने के बाद तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करेंगे। इसके साथ ही सीमा में स्थायी आरसीसी कॉलम बनाकर तालाबों को संरक्षित किए जाने की मांग भी की गई है। प्रशासन द्वारा सीमांकन की जानकारी आम जनता को क्यों नहीं दी जा रही है यह समझ से परे है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक



**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 जनवरी, जिले में आगामी 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई।**

कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिए आवश्यक दायित्व सौंपे गए। बताया गया कि शासकीय कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन कर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। इस दौरान आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित कार्यक्रम संचालन और तहसील व विकासखण्ड स्तर पर भी कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानी का सम्मान भी होगा।

बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, विभिन्न समितियों के गठन, साफ-सफाई व्यवस्था, झांकियों की तैयारी, कार्यालय प्रमुखों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोकसेवकों के नाम अनिवार्यत: 23 जनवरी तक प्रेषित करने तथा अंतिम रिहर्सल के संबंध में एवं अनुभाग स्तर पर बैठक आयोजन के निर्देश भी दिए गए।